अमर उजाला 02/07/2024

नए कानूनों पर दिया व्याख्यान

छावनी के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में नए कानूनों पर व्याख्यान करवाया। संवाद

अंबाला। छावनी के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में जागरूकता पैदा करने और समाज के लिए नए कानूनों के महत्व और प्रभाव को उजागर करने के लिए भारत के नए आपराधिक कानून और क्रियान्वयन पर व्याख्यान करवाया।

यह कार्यक्रम कॉलेज के कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. सीमा कंसल ने छात्रों को बताया कि यह नए आपराधिक कानून अर्थात भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम एक जुलाई को लागू हो गए हैं। इस व्याख्यान के प्रवक्ता डॉ. कृष्ण पुनिया रहे। जिन्होंने नए आपराधिक कानूनों के प्रावधानों के बारे में जानकारी दी। संवाद